रजिस्ट्री सं. डी-(डी एन)—128/90 REGISTERED NO. D—(DN)—128/90

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 35] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 1, 1990 (भाद्रपद 10, 1912)
No. 35] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 1, 1990 (BHADRA 10, 1912)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक
सहयोगी बैंक विभाग
केन्द्रीय कार्यालय

बम्बई-400021, दिनांक 10 अगस्त 1990

सं० एस० बी० डी०/002316—

वर्तमान विनियमन	प्रस्तावित विनियमन
चिकित्सा सहायता	
24 (1) हर अधिकारी को अपने परिवार हेतु उसके द्वारा किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति निम्नलिखित आधार पर की जाएगी:—	हर अधिकारी को अपने व अपने परिवार हेतु उसके द्वारा किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति निम्नलिखित आधार पर की जाएगी :—
(क) चिकित्सा व्यय :	(क) चिकित्सा व्यय :
दिनांक 1 जनवरी 1985 से या उसके बाद निम्नलिखित तालिका के स्तंभ 1 में उल्लिखित वेतनमान में कार्यरत अधिकारी एवं उसके परिवार के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति स्तंभ 2 में निर्दिष्ट उच्चतम सीमा के अंतर्गत अधिकारी द्वारा व्यय	दिनांक 1 जनवरी 1987 से या उसके बाद निम्नलिखित तालिका के स्तंभ 1 में उल्लिखित वेतनमान की वेतन श्रेणी के अधिकारी एवं उसके परिवार के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति स्तंभ 2 में निर्दिष्ट उच्चतम सीमा के अंतर्गत अधिकारी द्वारा व्यय का विवरण दर्शाते

वर्तमान विनियम

का विवरण दर्शाते हुए व्यय संबंधी घोषणा पत्र प्रस्तुत करने पर उसके अनुरूप की जाएगी :—

तालिका

वेतनमान	वार्षिक प्रतिपूर्ति सीमा
रु० 1175 से 1825 तक प्रति माह	रु० 600/-
रु० 1826 प्रति माह और उससे अधिक	रु० 800/-

नोट:—अधिकारी उपयुक्त चिकित्सा व्यय संचित कर सकता है लेकिन उस तरह संचित रकम उपर्युक्त अधिकतम सीमा की रकम के तीन गुना रकम से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण:—इस विनियम के उद्देश्य के लिए अधिकारी के "परिवार" में केवल उसके पति/पत्नी, पूर्णतया आश्रित बच्चे और पूर्णतया आश्रित माता-पिता सम्मिलित होंगे।

(ख) चिकित्सालय वास का व्यय :

(1) जिन स्थितियों में चिकित्सालय में भर्ती होना आवश्यक होगा, अधिकारी के लिए 75 प्रतिशत और उसके परिवार के सदस्यों के लिए 50 प्रतिशत का चिकित्सालय वास के व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(5) दिनांक 1-1-1987 को अथवा उसके पश्चात् निम्नलिखित बीमारियों के लिए घर पर हुए इलाज से संबंधित चिकित्सा व्यय मान्यता प्राप्त चिकित्सालय प्राधिकारियों तथा बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा सत्यापित किए जाने पर चिकित्सालय वास व्यय माना जाएगा तथा व्यय की अधिकारी के लिए 75 प्रतिशत और उसके परिवार के लिए 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी:—

कैंसर, तपेदिक, पक्षाघात, हृदय संबंधी इलाज, ट्यूमर, चेचक, प्लूरसी, डिफथीरिया, कुष्ठरोग, किडनी चिकित्सा।

प्रस्तावित विनियम

हुए व्यय संबंधी घोषणा पत्र प्रस्तुत करने पर उसके अनुरूप की जाएगी :—

तालिका

वेतनमान	वार्षिक प्रतिपूर्ति सीमा
रु० 2100 से 3060 तक प्रतिमाह	रु० 600/-
रु० 3061 प्रति माह और उससे अधिक	रु० 800/-

नोट:—अधिकारी उपयुक्त चिकित्सा व्यय संचित कर सकता है लेकिन उस तरह संचित रकम किसी भी समय उपर्युक्त अधिकतम सीमा की रकम के तीन गुना रकम से अधिक न हो।

स्पष्टीकरण:—इस विनियम के उद्देश्य के लिए अधिकारी के "परिवार" में केवल उसके पति/पत्नी, पूर्णतया आश्रित बच्चे और पूर्णतया आश्रित माता—पिता सम्मिलित होंगे।

(ख) चिकित्सालय वास का व्यय :

(1) जिन स्थितियों में चिकित्सालय में भर्ती होना आवश्यक होगा, अधिकारी के लिए 75 प्रतिशत और उसके परिवार के सदस्यों के लिए 50 प्रतिशत का चिकित्सालय वास के व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(5) 1-4-1989 को अथवा उसके पश्चात् निम्नलिखित बीमारियों के लिए घर पर हुए इलाज से संबंधित चिकित्सा व्ययों को मान्यता प्राप्त चिकित्सालय प्राधिकारियों तथा बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा सत्यापित किए जाने पर चिकित्सालय वास व्यय माना जाएगा तथा व्यय की अधिकारी के लिए 70 प्रतिशत और उसके परिवार के लिए 60 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी:—

कैंसर, तपेदिक, पक्षाघात, हृदय संबंधी इलाज, ट्यूमर, चेचक, प्लूरसी, डिफथीरिया, कुष्ठरोग, किडनी चिकित्सा।

ह०
उप मुख्य अधिकारी
सहयोगी बैंक

पंजाब नेशनल बैंक

कार्मिक प्रभाग

प्रधान कार्यालय

नई दिल्ली, दिनांक 31 जुलाई 1990

सं० एफ० 17-2-84-आई० आर०—बैंककारी कम्पनी (उपक्रम का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजाब नेशनल बैंक का निदेशक मंडल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से पंजाब नेशनल बैंक (अधिकारी) सेवा विनियमावली, 1979 में और आगे संशोधन करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है :—

2. संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ :—(1) इन विनियमों का नाम पंजाब नेशनल बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधित) विनियमावली, 1979 होगा।

(2) ये विनियम भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

भाग-I

परिभाषाएं। विनियम 3—

3 (ठ) "वेतन" से अवरोध वेतनवृद्धियों सहित, मूल वेतन अभिप्रेत है।

3 (ड) "संवेतन" से वेतन और महंगाई भत्ते का जोड़ अभिप्रेत है।

विनियम 4(1)—

श्रेणियां तथा वेतनमान। 1-2-1984 को और उसके बाद से अधिकारियों के लिए निम्नलिखित चार श्रेणियां होंगी जिन पर प्रत्येक के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान लागू होंगे :—

(क) उच्च कार्यपालक श्रेणी :

वेतनमान-VII	रु० 4100-125-4600
वेतनमान-VI	रु० 3850-125-4350

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान-V	रु० 3575-110-3685-115-3800
वेतनमान-IV	रु० 2925-105-3450

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान-III	रु० 2650-100-3250
वेतनमान-II	रु० 1825-100-2925

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान-I	रु० 1175-60-1475-70-1895-द० रो०-95-2275-100-2675

1-11-1987 को और उसके बाद, प्रत्येक पदक्रम के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान निम्नानुसार होंगे :—

(क) उच्च कार्यपालक श्रेणी :

वेतनमान-VII	रु० 6400-150-7000
वेतनमान-VI	रु० 5950-150-6550

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान-V	रु० 5350-150-5950
वेतनमान-IV	रु० 4520-130-4910-140-5050-150-5350

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान-III	रु० 4020-120-4260-130-4910
वेतनमान-II	रु० 3060-120-4260-130-4390

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान-I	रु० 2100-120-4020

परन्तु यह कि नियत तारीख को लागू वेतनमान द्वारा ऐसे प्रत्येक अधिकारी के वेतन का, जिसका विनियम 8 के अधीन जारी सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार उक्त वेतनमान में नियतन किया गया था, सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार ऊपर बताए गए वेतनमान में नियतन किया जाएगा।

विनियम 5—

वेतनवृद्धियां। दिनांक 1-11-1987 को और उसके बाद, वेतनवृद्धियां निम्नलिखित उपखण्डों के अध्यधीन दी जाएंगी :—

(क) विनियम 4(1) में उपवर्णित विभिन्न वेतनमानों में विनिर्दिष्ट वेतनवृद्धियां, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अध्यधीन, वार्षिक आधार पर प्रोद्भूत होंगी और वे जिस महीने में देय होती हैं उस महीने की पहली तारीख से दी जाएंगी।

(ख) वेतनमान-I तथा वेतनमान-II के अधिकारियों को, अपने संबंधित वेतनमानों के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात्, अगले उच्च वेतनमान में अवरोध वेतनवृद्धि(यों) सहित आगे की वेतनवृद्धियां केवल नीचे (ग) में विनिर्दिष्ट आधार पर दी जाएंगी बशर्ते कि वे दक्षतारोध को पार कर लें।

(ग) ऊपर (ख) में उल्लिखित अधिकारियों सहित, मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान-II तथा III के अधिकतम पर पहुंचने वाले अधिकारियों को, यथास्थिति वेतनमान-II तथा वेतनमान III के अंतिम प्रक्रम पर पहुंचने के पश्चात् प्रत्येक 3 वर्षों की सेवा पूरी होने पर अवरोध वेतनवृद्धि (यां) दी जाएंगी। वेतनमान-II के अंतिम प्रक्रम के अधिकारियों के मामले में रु० 130/- की अधिक से अधिक दो वेतनवृद्धियां दी जाएंगी तथा वेतनमान-III के अंतिम प्रक्रम के अधिकारियों के मामले में रु० 140/- की एक वेतनवृद्धि दी जाएगी।

टिप्पणी:—अगले उच्चतर वेतनमान में दी गई ऐसी वेतनवृद्धियों को पदोन्नति नहीं माना जाएगा। ऐसी वेतनवृद्धियां पाने के उसके पश्चात् भी अधिकारी को यथास्थिति, उसके अपने मूल पद के वेतनमान-I अथवा-II के ही विशेषाधिकार, परिलब्धियां, ड्यूटी, उत्तरदायित्व अथवा पद मिलेंगे।

5(ड) दिनांक 1-11-1987 को और उसके बाद, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने वाले अथवा पहुंच चुके ऐसे अधिकारियों को जो पदोन्नति पाए बिना और आगे नहीं जा सकते, सरकारी मार्गनिर्देशों के अधीन, यदि कोई हो, सी० ए० आई० आई० बी० परीक्षा उत्तीर्ण करने के फलस्वरूप अतिरिक्त वेतनवृद्धियों के स्थान पर निम्नानुसार व्यावसायिक, अर्हता भत्ता दिया जाएगा :—

जिन्होंने सी० ए० आई० आई० बी० का केवल भाग-I उत्तीर्ण किया है।	1 वर्ष पश्चात् रु० 100/- प्रतिमास जिसमें से रु० 75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।
जिन्होंने सी० ए० आई० आई० बी० के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए है।	(i) 1 वर्ष पश्चात रु० 100/- प्रतिमास जिस में से रु० 75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे। (ii) 2 वर्ष पश्चात् रु० 250/- प्रतिमास जिसमें से 200/- सेवानिवृत्ति लाभ के लिए गिने जाएंगे।

टिप्पणी : यदि किसी ऐसे अधिकारी को जिसे व्यावसायिक अर्हता भत्ता मिल रहा है, अगले उच्चतर वेतनमान में, पदोन्नत किया जाता है, तो ऐसे उच्चतर वेतनमान में उसका वेतन निर्धारित करते समय, उसे वेतनमान में उपलब्ध सीमा तक, सी०ए०आई०आई०बी० की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अतिरिक्त वेतन वृद्धियां दी जाएंगी और, यदि वेतनमान में कोई भी वेतनवृद्धियां उपलब्ध नहीं हैं अथवा केवल एक ही वेतनवृद्धि उपलब्ध हैं, तो अधिकारी वेतनवृद्धि (यों) के एवज में व्यावसायिक अर्हता भत्ता पाने का पात्र होगा।

विनियम 21—

महंगाई/भत्ता दिनांक 1-11-1987 को और उसके बाद, महंगाई भत्ता योजना निम्नानुसार होगी :—

(i) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सामान्य) आधार 1960-100 की तिमाही औसत में 600 अंकों के ऊपर 4 अंक की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से देय होगा।

(ii) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा :—

(i) रु० 1650/- तक वेतन का 0.67 प्रतिशत, और

(ii) रु० 1650/- से ऊपर परन्तु रु० 2835/- तक वेतन का 0.55 प्रतिशत, और

(iii) रु० 2835/- से ऊपर परन्तु रु० 4020/- तक वेतन का 0.35 प्रतिशत, और

(iv) रु० 4020/- से ऊपर वेतन का 0.17 प्रतिशत।

विनियम 22—

मकान किराया भत्ता। (1) दिनांक 1-11-1987 को और उसके बाद, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है तो उसके वेतनमान के प्रथम प्रक्रम जिसमें वह रखा गया है, में से 6 प्रतिशत वेतन अथवा आवास के लिए मानक किराया, जो भी कम हो, वसूल किया जाएगा।

(2) दिनांक 1-11-1987 को और उसके बाद, यदि अधिकारी को बैंक द्वारा मकान नहीं दिया गया है, तो वह निम्नलिखित

दरों पर मकान किराया भत्ता पाने का पात्र होगा :—

कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	देय मकान किराया भत्ता
(i) सरकार के मार्ग-निर्देशों के अनुसार समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख "ए" वर्ग के नगर तथा समूह "ए" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 14 प्रतिशत परन्तु अधिकतम रु० 375/-
(ii) क्षेत्र-I में अन्य स्थान तथा समूह "बी" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 12 प्रतिशत परन्तु अधिकतम रु० 300/-
(iii) क्षेत्र तथा उपर्युक्त (i) तथा (ii) के अंतर्गत न आने वाले राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों की राजधानियां	वेतन का 10 प्रतिशत परन्तु अधिकतम रु० 250/-
(iv) अन्य सभी स्थान	वेतन का 8 प्रतिशत परन्तु अधिकतम रु० 250/-

परन्तु यदि कोई अधिकारी किराए की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के वेतन के 6 प्रतिशत से ऊपर उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया होगा जो अन्यथा देय अधिकतम मकान किराया भत्ते का अधिक से अधिक 160 प्रतिशत होगा ।

विनियम 22(3)—

यदि कोई अधिकारी अपने ही मकान में रहता है तो उसे उप-विनियम (2) में उल्लिखित परन्तुक के आधार पर इस प्रकार मकान किराया भत्ता मिलेगा मानो वह नीचे "अ" अथवा "आ" में से उच्चतर के बारहवें भाग के बराबर मासिक किराया दे रहा हो—

"अ"

निम्नलिखित का योग:—

(1) निवास स्थान के लिए देय नगर पालिका कर, और

(2) भूमि की लागत सहित निवास स्थान की पूंजीगत लागत का 12 प्रतिशत और यदि निवास स्थान किसी भवन का भाग है तो उतने भाग की भूमि के आनुपातिक हिस्से की पूंजीगत लागत, किन्तु इसके अंतर्गत वातानुकूलक जैसे विशेष जुड़नार शामिल नहीं होंगे, अथवा

"आ"

निवास स्थान के लिए नगरपालिका कर निर्धारण हेतु आंका गया वार्षिक किराया मूल्य ।

स्पष्टीकरण:—

(1) इस विनियम के प्रयोजन हेतु "मानक किराया" से अभिप्रेत है :—

(क) बैंक के स्वामित्व वाले निवास स्थानों के मामले में सरकार ने ऐसे निवास स्थानों के संबंध मे प्रचलित पद्धति के अनुसार आंका गया मानक किराया ।

(ख) यदि निवास स्थान बैंक द्वारा किराए पर लिया गया है, तो बैंक द्वारा देय संविदागत किराया ।

विनियम 23(1)—

नगर प्रतिकर भत्ता । 1-11-1987 को और उसके बाद, यदि अधिकारी निम्नलिखित सारणी के स्तम्भ-1 में उल्लिखित किसी स्थान में कार्यरत हो तो उस स्थान के सामने स्तम्भ-2 में उल्लिखित दर पर नगर प्रतिकर भत्ता परन्तु गोवा राज्य के अलावा पणजी और मारमूगो के शहरी समूह में 20-8-1988 से नगर प्रतिकर भत्ता देय होगा जहां यह 1-11-1987 को देय नहीं था ।

स्थान	दरें
1	2
(क) क्षेत्र-I के स्थान और गोवा राज्य	वेतन का 6½ प्रतिशत अधिकतम रु० 220/- प्रति माह ।

1	2
(ख) पांच लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान और राज्यों की राजधानियां तथा चण्डीगढ़, पांडीचेरी और पोर्ट ब्लेयर जो ऊपर (क) में नहीं आते ।	वेतन का 4 प्रतिशत अधिकतम रु० 135/- प्रति माह ।

विनियम 23(5)—

प्रतिनियुक्ति भत्ता । 1-11-1987 को और उसके बाद, यदि किसी अधिकारी को बैंक से बाहर सेवा के लिए प्रतिनियुक्त किया जाता है तो वह प्रतिनियुक्ति के पद पर देय उन परिलब्धियों को प्राप्त करने के लिए अपना विकल्प दे सकता है । विकल्पतः वह अपने वेतन के अतिरिक्त 12 प्रतिशत, अधिकतम रु० 700/- प्रतिनियुक्ति भत्ता और ऐसे अन्य भत्ते ले सकता है जो उसे उसी स्थान पर बैंक की सेवा में तैनात होने की स्थिति में मिलते । परन्तु, यदि उसे उसकी प्रतिनियुक्ति से पूर्व उसकी तैनाती के स्थान पर ही स्थित किसी संगठन में प्रतिनियुक्त किया जाता है तो उसके वेतन के 6 प्रतिशत अधिकतम रु० 350/- प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा ।

परन्तु यह भी कि जिस अधिकारी को बैंक के प्रशिक्षण संस्थान में संकाय सदस्य के रूप में अथवा बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड में प्रतिनियुक्त किया जाता है उसे उसके वेतन के 6 प्रतिशत, अधिकतम रु० 350/- प्रतिनियुक्ति भत्ता मिलेगा ।

विनियम 23(vi)—

स्थानापन्न भत्ता । दिनांक 1-11-1987 को और उसके बाद, यदि उससे कम से कम 7 दिन लगातार या किसी कैलेण्डर महीने के दौरान कुल सात दिन किसी उच्चतर श्रेणी में किसी पद पर स्थानापन्न रूप से कार्य लिया जाता है तो उसे स्थानापन्न रूप में कार्य करने की अवधि के लिए उसके वेतन का 6 प्रतिशत, लेकिन अधिक से अधिक रु० 250/- प्रति माह स्थानापन्न भत्ता मिलेगा । स्थानापन्न भत्ते को भविष्य निधि के लिए हिसाब में लिया जाएगा किन्तु अन्य प्रयोजनों के लिए नहीं ।

परन्तु यदि कोई अधिकारी विनियम 6 के अधीन पदों के प्रवर्गीकरण के मात्र पुनरीक्षण के परिणामस्वरूप ही उच्चतर वेतनमान में स्थानापन्न रूप से कार्य करता है तो उसे प्रवर्गीकरण के पुनरीक्षण के प्रभावी होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए स्थानापन्न भत्ता नहीं मिलेगा ।

विनियम 23(vii)—

लेखाबंदी भत्ता । वित्तीय वर्ष 1989-90 और उसके बाद, यदि वह किसी ऐसी शाखा में तैनात किया जाता है, जहां 31 मार्च और 30 सितम्बर को बहियों का समापन कार्य होता है, तो उसे ऐसी प्रत्यक लेखाबंदी के लिए रु० 150/- लेखाबंदी भत्ता दिया जाएगा ।

विनियम 23 (x)—

पर्वत और ईंधन भत्ता । दिनांक 1-11-1987 को उसके बाद, यदि वह नीचे दी गई सारणी के स्तम्भ-1 में उल्लिखित किसी स्थान पर सेवा कर रहा हो तो उसे स्तम्भ-2 में उल्लिखित दर पर पर्वत और ईंधन भत्ता दिया जाएगा :—

स्थान	दर
1	2
(i) 1000 मीटर और उससे अधिक परन्तु 1500 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान और मडिकेरी नगर	वेतन का 5 प्रतिशत अधिकतम रु० 130/-
(ii) 1500 मीटर और उससे अधिक परन्तु 3000 मीटर से कम ऊंचाई वाले स्थान पर	वेतन का 6½ प्रतिशत अधिकतम रु० 160/-
(iii) 3000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले स्थान पर	वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु० 600/-

टिप्पणी:—(क) कम से कम 750 मीटर ऊंचाई पर स्थित स्थान जो उससे अधिक ऊंचाई वाले पर्वतों से घिरे हुए हों और जिन तक पहुंचने के लिए 1000 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई पार करनी पड़ती

हो, पर तैनात अधिकारियों को 1000 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले केन्द्रों के लिए देय दर पर पर्वत और ईंधन भत्ता दिया जाएगा।

(ख) उक्त वर्गीकरण के अंतर्गत न आने वाले किसी भी केन्द्र में फिलहाल दिए जाने वाले पर्वत और ईंधन भत्ते समाप्त कर दिए जाएंगे। 1-11-1987 और 30 अप्रैल, 1989 के बीच दिया गया भत्ता वसूल नहीं किया जाएगा। पहली मई, 1989 से और उसके बाद उक्त तारीख को अथवा उसके पहले से उस केन्द्र पर उसी वेतनमान में तैनात रहने की तारीख तक केवल पुराने प्रावधानों के अनुसार 30 अप्रैल को मिल रहे भत्ते के बराबर राशि का संरक्षण किया जाएगा।

विनियम 24(1)—

चिकित्सा सहायता। अधिकारी अपने और अपने परिवार के लिए किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की निम्नलिखित आधार पर प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा, अर्थात:—

(क) चिकित्सा व्यय :

दिनांक 1-11-1987 को और उसके बाद, अधिकारी द्वारा अपने और अपने परिवार के लिए किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति नीचे स्तम्भ-1 में विनिर्दिष्ट वेतन सीमा तथा स्तम्भ-2 में विनिर्दिष्ट प्रतिपूर्ति सीमा के अध्यधीन की जाएगी। इसके लिए अधिकारी को अपनी ओर से ही प्रमाण-पत्र देना होगा कि उसने यह व्यय किया है और दावा की गई राशि के समर्थन में उसे खर्च का विवरण देना होगा :—

सारणी

वेतन सीमा	वार्षिक प्रतिपूर्ति सीमा
1	2
रु० 2100/- से रु० 3060/- प्र० मा०	रु० 600/-
रु० 3061/- प्र० मा० और उससे अधिक	रु० 800/-

टिप्पणी :— उपयोग में न आई चिकित्सा सहायता राशि को अधिकारी संचित कर सकता है, परन्तु संचित राशि किसी भी समय उल्लिखित अधिकतम राशि के तीन गुने से अधिक नहीं होगी।

स्पष्टीकरण:—

इस विनियम के प्रयोजन के लिए, अधिकारी के परिवार में उसका पति/उसकी पत्नी, पूर्णतः आश्रित संतान और पूर्णतः आश्रित माता-पिता ही शामिल होंगे।

(ख) अस्पताल में भर्ती खर्च :

(i) 1-4-89 को और उसके बाद, अस्पताल में भर्ती होने पर, अधिकारी के मामले में 90 प्रतिशत तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 60 प्रतिशत तक के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(v) दिनांक 1-4-1989 को और उसके बाद, मान्यता प्राप्त अस्पताल के प्राधिकारियों और बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा घर पर इलाज की आवश्यकता प्रमाणित करने पर निम्नलिखित रोगों के चिकित्सा खर्चों को भी अस्पताल में भर्ती खर्च माना जाएगा और उससे संबंधित चिकित्सा खर्चों को अधिकारी के मामले में 90 प्रतिशत तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 60 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति की जाएगी।

कैंसर, तपेदिक, पक्षाघात, हृदय रोग, ट्यूमर, चेचक, प्लूरिसी, डिफ्थीरिया, कुष्ठ रोग, गुर्दे की खराबी।

विनियम 25—

आवास व्यवस्था। दिनांक 1-11-1987 को और उसके बाद अधिकारी बैंक द्वारा आवास उपलब्ध कराए जाने के लिए साधिकार हकदार नहीं होगा। किन्तु यदि बैंक चाहे तो अधिकारी को आवास उपलब्ध करा सकता है जिसके लिए अधिकारी अपने वेतनमान के प्रथम प्रक्रम के 6 प्रतिशत या आवास के लिए मानक किराए का, जो भी कम हो, भुगतान करेगा। यदि बैंक द्वारा ऐसी आवास-व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है, तो बिजली, पानी, गैस और सफाई प्रभार अधिकारी द्वारा दिए जाएंगे।

विनियम 34(1)—

बीमारी छुट्टी। 1-1-1989 को और उसके बाद से अधिकारी, अपने सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान, अपनी सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 30 दिन के हिसाब से अधिक से अधिक 18 महीने की बीमारी की छुट्टी का पात्र होगा। उसके सम्पूर्ण सेवाकाल में इस प्रकार

540 दिन की छुट्टी संचित की जा सकती है लेकिन यह छुट्टी केवल बैंक को स्वीकार्य या बैंक द्वारा अपने खर्च अपने विवेक से नामित किसी चिकित्सक का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करके ही ली जा सकती है।

विनियम 35—

बीमारी की अतिरिक्त छुट्टी। 1-1-1989 को और उसके बाद से जिस अधिकारी ने 24 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो वह 24 वर्ष से अधिक की प्रत्येक वर्ष की सेवा के लिए एक महीने के हिसाब से बीमारी की छुट्टी पाने का पात्र होगा, लेकिन बीमारी को यह अतिरिक्त छुट्टी अधिक से अधिक 3 महीने की होगी।

विनियम 41—

यात्रा का साधन और यात्रा व्यय। जब किसी अधिकारी से ड्यूटी पर यात्रा करने की अपेक्षा की जाती है, तो दिनांक 1-4-1990 को और उसके बाद से उस पर निम्नलिखित उपबंध लागू होंगे :—

(1) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी का अधिकारी रेल की प्रथम श्रेणी या वातानुकूलित शयनयान में यात्रा कर सकता है। किन्तु कारोबार की आवश्यकताओं या लोकहित को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से वह इकानामी श्रेणी में विमान द्वारा यात्रा कर सकता है।

(2) मध्य प्रबंधन श्रेणी का अधिकारी रेल की प्रथम श्रेणी या वातानुकूलित शयनयान में यात्रा कर सकता है। किन्तु यदि यात्रा की दूरी 500 किलोमीटर से अधिक हो तो वह इकानामी श्रेणी में विमान द्वारा यात्रा कर सकता है। परन्तु कारोबार की आवश्यकता या लोकहित को ध्यान में रखते हुए, सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से, वह इस कम दूरी की यात्रा भी इकानामी श्रेणी में विमान द्वारा कर सकता है।

(3) वरिष्ठ प्रबंधन या उच्च कार्यपालक श्रेणी का अधिकारी रेल की वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में या इकानामी श्रेणी में विमान द्वारा यात्रा कर सकता है।

(4) वरिष्ठ प्रबंधन या उच्च कार्यपालक श्रेणी का अधिकारी, ऐसे स्थानों के बीच जो विमान सेवा या रेल सेवा से जुड़े हुए नहीं हैं, कार द्वारा यात्रा कर सकता है बशर्ते कि यात्रा की यह दूरी 500 किलोमीटर से अधिक न हो। किन्तु यदि उक्त दोनों स्थानों के बीच की अधिकांश दूरी विमान या रेल यात्रा द्वारा तय की जा सकती हो तो सामान्यतः केवल शेष दूरी कार द्वारा तय की जानी चाहिए।

विनियम 42(2)—

स्थानांतरण पर यात्रा भत्ता। (1) 1-11-1987 को और उसके बाद, स्थानांतरित अधिकारी को मालगाड़ी से अपने सामान के परिवहन के लिए निम्नलिखित सीमाओं के अनुसार प्रतिपूर्ति की जाएगी :—

वेतन सीमा	परिवार सहित	परिवार रहित
रु० 2100/- से रु० 3060/- प्रतिमाह	3000 किलोग्राम	1000 किलोग्राम
रु० 3061/- प्रतिमाह और उससे अधिक	पूरा माल डिब्बा	2000 किलोग्राम

विनियम 45(2)—

भविष्य निधि। बैंक भविष्य निधि पर समय-समय पर लागू नियम के अनुसार, अन्शदान देगा परन्तु उसके अंशदान की राशि 1-11-1987 को और उसके बाद से 31-12-1988 तक अधिकारी के वेतन के 80 प्रतिशत का 10 प्रतिशत, 1-1-1989 को और उसके बाद से 31-12-1989 तक 90 प्रतिशत का 10 प्रतिशत, तथा 1-1-1990 को और उसके बाद से वेतन का 10 प्रतिशत होगी।

विनियम-46(2)

उपदान। अधिकारी को देय उपदान की राशि सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए एक माह का वेतन जो अधिक से अधिक 15 माह का वेतन हो सकता है।

परन्तु यदि किसी अधिकारी ने 30 वर्ष से अधिक की सेवा पूरी की है, तो वह उपदान के रूप में, तीस वर्ष से ऊपर सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए आधे माह के वेतन की दर से अतिरिक्त राशि का पात्र होगा।

टिप्पणी : यदि सेवाकाल के पूर्ण वर्षों के अतिरिक्त छह महीने या उससे अधिक कोई अवधि बचती है तो उस अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर उपदान दिया जाएगा।

विनियम 2--

विनियमों का लागू होना । 2(1) ये विनियम बैंक के सभी अधिकारियों पर और बैंक के ऐसे अन्य कर्मचारियों पर जिन पर इन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा लागू किया जाए, उक्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित सीमा तक तथा शर्तों के अध्यधीन लागू होंगे ।

(2) ये विनियम भारत के बाहर स्थानांतरित/तैनात/प्रतिनियुक्त अधिकारियों पर भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से अथवा सामान्य तौर पर निर्धारित सीमा अनुसार लागू होंगे ।

(3) परन्तु ये विनियम भारत के बाहर किसी देश में नियुक्त/कार्यरत और वहां स्थायी रूप से सेवारत कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे ।

राशिद जीलानी
(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)

बैंक आफ महाराष्ट्र

कार्मिक विभाग

पुणे—411005, दिनांक 27 जून 1990

सं० ए० डी० वी० टी०--ii/ VI/ एफ- 178/90-91--- बैंक आफ महाराष्ट्र का निदेशक बोर्ड, बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम, 1970/1980 (1970 का 5/1980 का 40) की धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से बैंक आफ महाराष्ट्र अधिकारी सेवा विनियमावली 1979 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है ।

2. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

(1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम बैंक आफ महाराष्ट्र अधिकारी सेवा संशोधन विनियमावली 1989 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

3. बैंक आफ महाराष्ट्र बैंक अधिकारी सेवा विनियमावली 1979 में, वर्तमान विनियम 2 को निम्नलिखित द्वारा प्रति स्थापित किया जाए ।

2(1) ये विनियम बैंक के सभी अधिकारियों पर और बैंक के ऐसे अन्य कर्मचारियों जिन पर इन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा लागू किया जाए, उक्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित सीमा तक तथा शर्तों के अध्यधीन लागू होंगे ।

(2) ये विनियम विशेष रूप से या सामान्य रूप से सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनिश्चित सीमा के अलावा उन अधिकारियों पर भी लागू होंगे जो भारत के बाहर नियुक्त/स्थानांतरित/प्रतिनियुक्त किए गए हैं ।

(3) परन्तु ये विनियम भारत के बाहर किसी भी देश में स्थायी रूप से नियुक्त/सेवारत कर्मचारी पर लागू नहीं होंगे ।

प्र० अ० चितले
उप महाप्रबंधक (स्थानापन्न)
(कार्मिक)

भारतीय चार्टर्डप्राप्त लेखाकार संस्थान

कलकत्ता-700071, दिनांक 10 अगस्त 1990

(चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)

सं० ई०सी० ए० (8)/ 4/ 90-91---चार्टर्ड प्राप्त लेखाकार विनियम 1988 के विनियम 10 (1) खण्ड (तीन) के अनुसरण में एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों को जारी किए प्रैक्टिस प्रमाण पत्र उनके आगे दी गई तिथियों से रद्द कर दिए गए हैं क्योंकि वे अपने प्रैक्टिस प्रमाण पत्र को रखने के इच्छुक नहीं हैं ।

क्र० सं०	सदस्यता सं०	नाम एवं पता	दिनांक
1	2	3	4
1.	11153	श्री समरेन्द्रा दास गुप्ता, एफ०सी०ए०, सी०डी०-273, साल्ट लेक, कलकत्ता-700064	23-6-90
2.	51097	श्री बिमल कान्ती चौधरी, ए०सी०ए०, 94, आशुतोष कालोनी, हाल्टु, कलकत्ता-700078	8-6-90
3.	51314	श्री कल्लोल कुमार राय, ए०सी०ए०, 26ए, ईस्ट रोड़, कलकत्ता-700032	25-6-90
4.	53317	श्री संकर प्रसाद दत्ता, ए०सी०ए०, 2ए, जोगेश मित्रा रोड, कलकत्ता-700025	27-6-90
5.	53843	श्री सुरजीत मुखर्जी, ए०सी०ए०, 158/1, बकुल बगान रोड, कलकत्ता-700025	8-6-90

1	2	3	4
6.	50388	श्री सीताराम गोइंका, एफ०सी०ए०, डी०–11, रानी सती नगर, फ्लैट सं० 11, 2 फ्लोर, "ए" विंग, एस०वी० रोड मैलाड (वैस्ट), बम्बई–400064	20–6–90
7.	85047	श्री आतिस भट्टाचार्या, ए०सी०ए०, 20/1 सी, राजा मनिन्द्रा रोड, कलकत्ता–700037	8–6–90

एम० सी० नरसिम्हन,
सचिव

श्रम मंत्रालय

केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय

नई दिल्ली–110001, दिनांक 6 अगस्त 1990

शुद्धिकरण

सं० 2/1959/डी० एल० आई०/एक्जाम/ 89/ भाग–I/ 3246—कृपया अधिसूचना संख्या 2/1959/डी० एल० आई०/ एक्जाम/ 89/ भाग–I/2233, दिनांक 26–2–1990 जो भारत सरकार के राजपत्र, भाग–III खण्ड–4– पृष्ठ संख्या 1237 (हिन्दी में) में प्रकाशित हुआ है का अवलोकन करें ।

कथित अधिसूचना की अनुसूची–1 के क्र० सं० 10 पर प्रकाशित शब्द "जउलिक्स" को "जनाटिक्स" द्वारा प्रतिस्थापित करें ।

दिनांक 7 अगस्त 1990

सं० के० भ० नि० आ०/1 (4) गुजरात (164)/ 90/ 3292—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हो गए हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जायें ।

क्र० सं०	कोड सं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	जी०जे०/ 14018	मै० हनी एण्ड सन्स ट्रांस–पोटर्स, एण्ड लेबर कन्ट्रैक्टर बी–1748, लाल बाजार, गलियारवाड भड़ौच–992004	30–5–86
2.	जी०जे०/ 13819	मै० के०एम०बी० टेक्नीकल इंस्टीट्यूट, जी०आई०डी०सी० के सामने, मनन्द जिला–अहमदाबाद	1–11–88
3.	जी०जे०/ 14333	मै० पटेल फिल्टर्स (कान्सल-टेन्ट्स), वल्लभ विद्या नगर रोड, करमसाद' जिला–कायरा–388325	1–5–87

अतः केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा I की उप-धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं को उस या उस प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करते हैं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई है ।

दिनांक 10 अगस्त, 1990

सं० सम्मेलन/5(15)87/न० ना० /2027–कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम, 1952 के पैराग्राफ 5 के साथ पठित पैराग्राफ 4 के उपपैराग्राफ (1) के क्रम में और दिनांक 19–10–85 को भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना के सा० आ० सं० 4914 का अधिक्रमण करते हुए, अध्यक्ष, केन्द्रीय न्यासी बोर्ड, कर्मचारी भविष्य निधि एतद्द्वारा तमिलनाडु राज्य की क्षेत्रीय समिति का गठन करते हैं जिसमें निम्नलिखित व्यक्ति होंगे :–

अध्यक्ष

1.	आयुक्त एवं सरकार के सचिव, श्रम एवं रोजगार विभाग, मद्रास–600009.	अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड द्वारा नियुक्त ।
	सदस्य	
2.	सरकार के उप–सचिव, वित्त विभाग, मद्रास–600009.	राज्य सरकार की सिफारिशों पर अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड द्वारा नियुक्त दो कर्मचारी ।
3.	श्रमायुक्त, मद्रास नियोक्ता पक्ष के प्रतिनिधि	
4.	थीरू एन० कानन, सचिव, दक्षिण भारत नियोक्ता संघ 41, कस्तूरी रंगा रोड, मद्रास – 600018.	राज्य के नियोक्ता संगठनों के परामर्श से अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड द्वारा नियुक्त नियोक्ता पक्ष के पांच प्रतिनिधि ।
5	थीरू एम० माधवन, विधि अधिकारी, दक्षिण भारत मिल्स एसोसिएशन, रेस रोड, कोयम्बटूर	

6. श्रीरू सी० शंकरानारायणन्,
सचिव,
प्लांटर्सएसोसिएशन आफ तमिलनाडु,
कुन्नूर—643101

7. श्रीरू के० गणपति,
कम्पनी सचिव,
दक्षिण भारत चीनी मिल्स
एसोसिएशन न० 18,
राधाकृष्ण स्ट्रीट,
टी० नगर, मद्रास —17.

8. श्रीरू टी. एम० धनपालन,
अवैतनिक महासचिव,
तमिलनाडु लघु उद्योग,
एसोसिएशन, मैसर्स निवास
उद्योग, 4-ए (एन० पी०)
डेवलपमेंट प्लाट,
इक्कादुथरंगल, मद्रास— 97,

कर्मचारी पक्ष के प्रतिनिधि

9. श्रीरू एम० सी० कृष्णन, उपाध्यक्ष तमिलनाडु एटक, मद्रास — राज्य के कर्मचारी संगठनों के परामर्श से अध्यक्ष, केन्द्रीय बोर्ड द्वारा नियुक्त कर्मचारी पक्ष के पांच प्रतिनिधि

10. श्रीरू ए० के० पद्मनाभन,
सहायक महासचिव,
तमिलनाडु राज्य सीटू
मद्रास ।

11. श्रीरू एस० दुरैस्वामी,
महासचिव,
लेबर प्रोग्रेसिव फेडरेशन,
मद्रास —600005
(केन्द्रीय संगठन)

12. श्रीरू पी० एल० सुबैया,
महासचिव,
इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन
कांग्रेस,
कोयम्बटूर ।

13. श्रीरू वी० जी० राजन,
हिन्दू मजदूर सभा,
त्यागी एन० जी० आर०
महल, 2242,
त्रिची रोड, सिंघानुर,
कोयम्बटूर-641005 ।

बी० एन० सोम,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त ।

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

सीमाशुल्क समाहर्ता का कार्यालय

बंगलौर, दिनांक 26 जुलाई 1990

सं० VIII/17/202/89 सी० शु० विधि - सीमा शुल्क (नामों का प्रकाशन) नियम 1975 के नियम 3 (1) का अनुसरण करते हुए मैं एतद्द्वारा सीमा शुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) के अन्तर्गत दोषसिद्ध व्यक्तियों के नाम और विवरण नीचे संलग्न सारणी में प्रकाशित करता हूं ।

क्र०	दोषसिद्ध व्यक्तियों का नाम और पता	अपराध का स्वरूप	दंडादेश अधिनियम करने वाले न्यायालय का नाम	आपराधिक मामला सं०	दोषसिद्धि की तारीख	अधिनिर्णीत दंड के विवरण
1	2	3	4	5	6	7
1.	पाण्डुरंग पिता शिवाजी जाधव सलसिंग तालुक, द्वारा जिला सांगली महाराष्ट्र	रु० 44,667/- मूल्य की विदेशी मूल की 170.46 ग्राम्स कुल वजन के तीन सोने के टुकड़े, किसी भी अन्य प्रकार से व्यवहार करने के साथ अथवा अपनी सुपुर्दगी में रखने, ले जाने, छिपाने, खरीदने से संबद्ध जिसे वह जानता था अथवा सीमा शुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) धारा 111 (डी) के अधीन जब्ती के योग्य है, यह विश्वास करने के कारण थे ।	प्रधान सिविल और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बेलगाम	सी०सी०सं० 105/89	23-3-89	सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 135 (1) (बी) (ii) के अधीन अपराध दंडनीय सिद्ध हुआ और 1,000/- रुपये जुर्माना देने का दंडादेश हुआ और संदाय के अभाव में 20 दिनों का साधारण कारावास ।

1	2	3	4	5	6	7
2.	सी०एम० दाऊद पिता मोहिद्दीन कुन्नी तेक्किला पेरी पोस्ट जिला कासरगोड केरल राज्य	रु० 77,697/- मूल्य की विदेशी मूल की 30 तोला का कुल वजन के तीन सोने के पैलेट्स किसी भी अन्य प्रकार से व्यवहार करने के साथ अथवा अपनी सुपुर्दगी में रखने, ले जाने, छिपाने, खरीदने से संबंद्ध जिसे वह जानता था अथवा सीमा-शुल्क अधिनियम 1962 (1962 का 52) धारा III (डी) के अधीन जब्ती के योग्य हैं, यह विश्वास करने के कारण थे।	प्रधान सिविल जज और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बेलगाम	सी०सी० सं० 1473/88	23-3-89	सीमा शुल्क अधिनियम 1962 की धारा 135 (1) (बी) (ii) के अधीन अपराध दंडनीय सिद्ध हुआ और 1,000/- रुपये जुर्माना देने का दंडादेश हुआ और संदाय के अभाव में 20 दिनों का साधारण कारावास।

जे० पी० कौशिक
समाहर्ता सीमा शुल्क,
बंगलौर

सैन्ट्रल वेअरहाउसिंग कार्पोरेशन

(भारत सरकार का उपक्रम)

नई दिल्ली-110016, दिनांक 10 अगस्त 1990

सूचना

सं० सी०डब्ल्यू०सी०/iii-18/33/90 बी० एण्ड सी० सैन्ट्रल वेअरहाउसिंग कार्पोरेशन नियम, 1963 के नियम 13 के अनुसरण में विद्यमान रिक्ति को भरने हेतु 10-8-90 से दो वर्ष की अवधि के लिए वेअरहाउसिंग कार्पोरेशन अधिनियम की धारा 7 की उप धारा 1 के खंड (ई) में विनिर्दिष्ट वर्ग के अंशधारियों द्वारा 8-8-90 (अपराह्न) को विधिवत चुने गए निदेशक का नाम तथा पता निम्न-प्रकार से अधिसूचित किया जाता है:—

अंशधारियों का वर्ग	निदेशक का नाम तथा पता
सहकारी समितियां	श्री सरजू नारायण पुरोहित, मार्फत बीकमपुर ग्राम सेवा सहकारी समिति लि० बीकमपुर (जिला-बीकानेर)।
	II. रानी बाजार सहकारी उपभोक्ता भंडार लि० बीकानेर।

एम० मसीह,
सचिव,
सैन्ट्रल वेअरहाउसिंग कार्पोरेशन

छावनी बोर्ड

बेलगाम, दिनांक 12 मई 1990

का० आ० वि० आ०-14/संशोधन/88—जबकि छावनी अधिनियम, 1924/1924 का 21 की धारा 61 में उल्लिखित के अनुसार, विज्ञापनों पर कर लगाने के लिए एक सार्वजनिक सूचना 27 दिसम्बर, 1989 को इसके प्रकाशन के तीस दिन की अवधि के अन्दर उक्त सूचना द्वारा प्रभावित होने वाले व्यक्तियों की सूचना के लिए प्रकाशित की गई थी।

और जबकि जनता की ओर से प्राप्त दो आपत्तियों तथा सुझावों पर छावनी बोर्ड, बेलगाम द्वारा विचार कर लिया गया है।

अब इसलिए, उक्त अधिनियम की धारा 60 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तथा केन्द्र सरकार की पूर्व अनुमति से छावनी बोर्ड, बेलगाम एतद्द्वारा बेलगाम छावनी की सीमाओं के अन्दर दिए गए-कर के नाम से निम्न-लिखित विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार कर लगाता है:—

क्रमांक	विवरण	कर की राशि
1	2	3
1.	विज्ञापन बोर्ड/दीवार पर लटकाने वाले चित्र/साइन बोर्ड तथा बिजली से न जलने वाले स्काई साइन्स.	4/- रुपये प्रतिमाह प्रति वर्ग मीटर
2	फुटपाथ तथा छोटी सड़क के आर-पार लटकाने वाले विज्ञापन	6/- रुपये प्रतिमाह प्रति वर्गमीटर

1	2	3
3.	साईकल, रिक्शा, हाथ, ठेला, बैलगाड़ी, जतका अथवा व्यक्ति द्वारा दोनों ओर उठाकर ले जाए जाने वाले बोर्ड	16/- रुपये प्रतिमाह
4.	यांत्रिक साधनों—मोटर कार, बसें, वाहन/वेन तथा लारियों पर ले जाने वाले विज्ञापन	40/- रुपये प्रतिमाह
5	बिजली से प्रकाशित किए जाने वाले विज्ञापन	20/- रुपये प्रतिमाह
6	स्लाइडों द्वारा पर्दे पर प्रदर्शित किए जाने वाले विज्ञापन	20/- रुपये प्रतिमाह
7.	पर्दे पर प्रदर्शित की जानेवाली सभी फिल्में	0.40 रुपये प्रति मीटर
8	बिजली से प्रकाशित किए जाने वाले विज्ञापन तथा नियोन साईन-बोर्ड	12/- रुपये प्रतिमाह
9.	सिनेमा सम्बन्धी तथा पोस्टर	
	(क) डबल क्राऊन आकार जो 20×10 से अधिक स्थान न घेरे	0.20 पैसे प्रति पोस्टर
	(ख) क्वाड क्राऊन आकार जो 30×40 से अधिक स्थान न घेरे	0.40 पैसे प्रति पोस्टर
	(ग) डबल क्राऊन, क्वाड क्राऊन, रायल साईज पोस्टरों के अतिरिक्त अन्य आकार के लिए	0.40 पैसे प्रति पोस्टर

बशर्ते इस धारा के अन्तर्गत, निम्नलिखित विज्ञापनों तथा सूचनाओं पर कोई कर नहीं लगाया जाएगा :-

(क) छावनी बोर्ड, बेलगाम के

(ख) किसी सार्वजनिक सभा से संबंधित

(ग) छावनी बोर्ड अथवा किसी विधायी निकाय के चुनाव से संबंधित

(घ) इस प्रकार के चुनाव के लिए किसी प्रत्याशी से संबंधित

इसके साथ यह शर्त भी होगी कि किसी भी विज्ञापन पर यह कर नहीं लगाया जाएगा जो कि स्काई-साइन नहीं हों और जो :-

(क) किसी भवन की खिड़की के अन्दर प्रदर्शित हो,

(ख) किसी भूमि अथवा भवन में वही व्यापार कार्य किया जा रहा हो जिसके लिए विज्ञापन उसके ऊपर प्रदर्शित किया गया है अथवा ऐसी भूमि या भवन की बिक्री किरायेदारी से संबंधित हो या इससे प्रभावित हो अथवा ऐसी भूमि अथवा भवन पर बिक्री मनोरंजन या बैठक के आयोजित किए जाने पर,

(ग) जिस भूमि अथवा भवन पर विज्ञापन प्रदर्शित वह उसी के नाम से संबंधित हो अथवा उस भूमि या भवन के मालिक या कब्जाधारी का नाम इस पर प्रदर्शित हो,

(घ) किसी रेलवे के कार्य से संबंधित हो अथवा,

(च) किसी रेलवे स्टेशन के अन्दर प्रदर्शित हो अथवा रेलवे की किसी दीवार या अन्य सम्पत्ति पर प्रदर्शित हो । इसमें इस प्रकार की दीवार या सम्पत्ति का वह भाग सम्मिलित नहीं माना जाएगा जो किसी गली की ओर होगा । स्पष्टीकरण :— इस धारा में "स्काई-साइन" शब्द का तात्पर्य है कोई भी विज्ञापन जो किसी भूमि, भवन, दीवार या निर्माण पर किसी खम्भे, बल्ली, स्टण्डर्ड या फ्रेम पर या इसकी मदद से पूरी तरह या आंशिक रूप से लगा है तथा जो अथवा जिसका कुछ भाग किसी सार्वजनिक स्थान से आकाश की ओर देखने पर दिखाई देता है और इसमें उस खम्भे, बल्ली, स्टेण्डर्ड, फ्रेम वा अन्य सहारा ली गई वस्तु का समस्त भाग शामिल, माना जाएगा । "स्काई-साईन" शब्द किसी भूमि, भवन या निर्माण पर अथवा किसी सार्वजनिक स्थान में या इसके ऊपर निर्माण पर अथवा किसी सार्वजनिक स्थान में या इसके ऊपर पूरी तरह अथवा आंशिक रूप से विज्ञापन के उद्देश्य से लगाया गया गुब्बारा, पैराशूट या कोई अन्य इस प्रकार का उपकरण भी शामिल माना जाएगा परन्तु इसमें निम्नलिखित को शामिल नही माना जाएगा :—

(क) कोई भी फ्लैग स्टाफ, पोल, वाहन/वेन/या दिशा सूचक जब तक कि इसे पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से किसी विज्ञापन के उद्देश्य से प्रयोग न किया जा रहा हो ।

(ख) कोई चिह्न या बोर्ड फ्रेम या कोई अन्य उपकरण जो किसी भवन की चारदीवारी या दीवार के ऊपर अथवा किसी दीवार के छज्जे या किनारे पर अथवा छत की मुंडेर पर लगाया हुआ हो, या बांधा गया हो, इसके साथ यह शर्त होगी कि इस प्रकार का बोर्ड, फ्रेम अथवा उपकरण एक ही बात को प्रदर्शित करता रहे और बार-बार विषय का बदलाव न हो तथा ऊंचाई में दीवार या चारदीवारी या मुंडेर जिसके ऊपर या साथ इसे लगाया गया है उससे एक मीटर से अधिक न हो,

(ग) यदि विज्ञापन उस भूमि अथवा भवन, जिस पर या जिसके ऊपर यह प्रदर्शित है, उसके नाम अथवा ऐसी भूमि या भवन के मालिक या कब्जाधारी के नाम से संबंधित है,

घ) कोई विज्ञापन जो केवल किसी रेलवे के कार्य से संबंधित हो तथा पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से किसी रेलवे स्टेशन, यार्ड, प्लेट फार्म या स्टेशन पर पहुंचने के रास्ते पर या इनके ऊपर इस प्रकार लगाया गया हो कि यह किसी भी गली अथवा सार्वजनिक स्थान के अन्तर्गत नहीं आता, अथवा,

च) किसी भूमि अथवा भवन पर उसकी बिक्री या किराया पर देने के लिए सूचना।

व्याख्या 3 : इस धारा में "सार्वजनिक स्थान" का अभिप्राय है कोई भी जो जन साधारण के प्रयोग तथा उपयोग के लिए चाहे जन साधारण उसका वास्ताव में प्रयोग अथवा उपयोग कर रहे हों या न कर रहे हो।

दिनांक 28 मई 1990

का० नि० आ० 14/संशोधन/83—जबकि छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 21) की धारा 61 में उल्लिखित आवश्यकतानुसार, तत्कालीन बम्बई सरकार, सामान्य विभाग आदेश नं० 1996 दिनांक 6 अप्रैल, 1908 में निहित सम्पत्ति कर तथा सफाई कर संबंधी अधिसूचना में संशोधन करने के लिए एक सार्वजनिक सूचना स्थानीय रूप से 23, जनवरी, 1990 को प्रकाशित की गई थी जिसके अन्तर्गत इससे प्रभावित हो सकने वाले सभी व्यक्तियों से उक्त सूचना के प्रकाशन से तीस दिन की अवधि के अन्दर आपत्तियां तथा सुझाव मांगे गए थे।

और जबकि तीस दिन की निर्धारित अवधि में छावनी बोर्ड को कोई आपत्तियां तथा सुझाव प्राप्त नहीं हुए।

इसलिए, अब उक्त अधिनियम की धारा 60 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तथा केन्द्र सरकार की पूर्व अनुमति से छावनी बोर्ड, बेलगाम एतद्द्वारा सम्पत्ति कर की दर में वृद्धि करके उसे भवन के वार्षिक किरायेदारी मूल्य के 07 प्रतिशत के बराबर निर्धारित करता है।

स० का नि० आ० 14/रिव्हे०/83—जबकि छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 21) की धारा 61 में उल्लिखित आवश्यकतानुसार, रक्षा मंत्रालय के का० वि० आ० स० 173 दिनांक 19 जून, 1962 का अधिक्रमण करने के लिए अथवा बेलगाम छावनी के अन्दर जल-कर की दरें निश्चित करने के लिए, एक सार्वजनिक सूचना 27 दिसम्बर, 1989 को प्रकाशित की गई थी जिसके अन्तर्गत उसके प्रकाशित होने के तीस दिन की अवधि के अन्दर उससे प्रभावित हो सकने वाले सभी व्यक्तियों से आपत्तियां तथा सुझाव मांगे गए थे। और जबकि तीस दिन की अवधि के अन्दर छावनी बोर्ड, बेलगाम को किसी प्रकार की आपत्तियां/सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

इसलिए, अब उक्त अधिनियम की धारा 60 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तथा केन्द्र सरकार की पूर्व सहमति से छावनी बोर्ड, बेलगाम एतद्द्वारा जल-कर की दरों में भवनों तथा भूमियों के वार्षिक किरायेदारी मूल्य के 5 प्रतिशत की वृद्धि करता है।

ए० एच० रमेश,
छावनी अधिशासी अधिकारी,
बेलगाम

टिप्पणी :–

सदर्भ : पिछली अधिसूचना सं० 173 दिनांक 19 जून, 62.

STATE BANK OF INDIA
ASSOCIATE BANKS
CENTRAL OFFICE

Bombay-400 021, the 10th August 1990

EXISTING REGULATION	PROPOSED REGULATION
MEDICAL AID :	
No. SBD/002316 :—	
24 (1) An officer shall be eligible for reimbursement of medical expenses actually incurred by him in respect of himself and his family on the following basis namely :—	An officer shall be eligible for reimbursement of medical expenses actually incurred by him in respect of himself and his family on the following basis namely :—
(a) *Medical Expenses*	(a) *Medical Expenses*
On and from the 1st January 1985, reimbursement of medical expenses of an officer drawing salary on the pay scale specified in column 1 of the Table below and his family may be made on the strength of the Officer's own certificate of having incurred such expenditure supported	On and from 1-11-1987, reimbursement of medical expenses of an officer in the pay range specified in column 1 of the Table below and his family may be made on the strength of the officer's own certificate of having incurred such expenditure supported by a statement of

Existing Regulation

by a statement of accounts for the amounts claimed subject to the limits specified in column 2 thereof.

TABLE

Pay Range	Reimbursement limit per annum
(1)	(2)
	Rs.
Rs 1175/- to Rs. 1825/- p.m.	600/-
Rs. 1826/- p.m. and abave	800/-

Note : Officers may be allowed to accumulate unavailed medical aid subject to ceilings as above upto a maximum of three years.

EXPLANATION

"FAMILY" of an officer for the purpose shall consist of spouse, wholly dependent children and wholly dependent parents only.

(b) HOSPITALISATION EXPENSES

(i) Hospitalisation charges will be reimbursed to the extent of 75% in the case of an officer and 50% in the case of his family members in respect of all cases which require hospitalisation.

(v) On and from 1-1-1987, medical expenses incurred in respect of the following diseases which need domiciliary treatment as may be certified by the recognised hospital authorities and bank's medical officer shall be deemed as hospitalisation expenses and reimbursed to the extent of 75% in the case of an officer and 50% in the case of his family members :—

Cancer, Tuberculosis, Paralysis. Cardiac Ailment, Tumour, Small Pox, Pleurcsy, Diptheria, Leprosy, Kidney Ailment.

Proposed Regulation

accounts for the amounts claimed subject to the limit specified in column 2 thereof.

TABLE

Pay Range	Reimbursement limit per annum
(1)	(2)
	Rs.
Rs. 2100/- to Rs. 3060/- p.m.	600/-
Rs. 3061/- p.m. and abave	800/-

Note : An officer may be allowed to accumulate unavailed medical aid so as not to exceed at any time three times the maximum amount provided above.

EXPLANATION

"FAMILY" of an officer for the purpose of this regulation shall consist of spouse, wholly dependent children and wholly dependent parents only.

(b) HOSPITALISATION EXPENSES

(i) On and from 1-4-1989, hospitalisation charges shall be reimbursed to the extent of 90% in the case of an officer and 60% in the case of his family members in respect of all cases which require hospitalisation.

(v) On and from 1-4-1989, medical expenses incurred in respect of the following diseases which need domiciliary treatment as may be certified by the recognised hospital authorities and bank's medical officer shall be deemed as hospitalisation expenses and reimbursed to the extent of 90% in the case of an officer and 60% in the case of his family members :—

